NNI
हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज़ नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष :06, अंक :–06, पृष्ठ : 12 | रविवार, 12 जुलाई, 2026 | मूल्य– 03.00 रुपये मात्र


## पहलगाम में बादल फटा, सड़क बही

### उत्तराखंड के हाइड्रो प्रोजेक्ट के पास लैंडस्लाइड

**देश के लगभग 70% हिस्से से मानसून के बादल गायब**



**जम्मू।** पहाड़ी राज्यों में बारिश के चलते नदियों का वॉटरलेवल बढ़ गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बादल फटने के बाद बाढ़ आई। कई खेत बर्बाद हो गए, सड़क बह गईं।

उत्तराखंड के विकासनगर में भारी बारिश के कारण लखवाड़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में लैंडस्लाइड हो गई। कई वाहन और मशीनें मलबे में दब गईं। उधर देश के लगभग 70% हिस्से से मानसून के बादल गायब हो गए हैं। राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र में अगले 5 दिन तक बारिश की संभावना भी कम है। बारिश रुकने से मध्य प्रदेश, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों में तापमान बढ़ गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 70% हिस्से से मानसून के बादल गायब होने के पीछे सबसे बड़ी वजह मानसून को सक्रिय रखने वाले सिस्टम का कमजोर पड़ना है। 9 जुलाई के बाद बंगाल की खाड़ी में कोई नया मजबूत लो-प्रेशर सिस्टम नहीं बना, जिससे मानसूनी हवाओं को पर्याप्त नमी नहीं मिल सकी।

इसके साथ ही मानसून ट्रफ भी अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर खिसक गई है। इसकी वजह से मध्य, पश्चिम और दक्षिण भारत के बड़े हिस्से में बादल और बारिश की गतिविधियां काफी कम हो गई हैं। फिलहाल बारिश मुख्य रूप से उत्तर भारत, पूर्वी राज्यों और पूर्वोत्तर तक सीमित है। आईएमडी का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के फिर से पूरी तरह सक्रिय होने की संभावना कम है।

## अयोध्याः नृपेंद्र बोले-22 जुलाई की बैठक में ट्रस्ट को लेकर हो सकता है फैसला



**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले और प्रशासनिक व्यवस्था के बीच, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बताया कि आगामी 22 जुलाई को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति और विभिन्न समितियों व उपसमितियों के भविष्य को लेकर ट्रस्ट द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। नृपेंद्र मिश्रा ने स्पष्ट किया कि यदि सीईओ की नियुक्ति होती है, तो वह ट्रस्ट की निगरानी में अपना स्टाफ नियुक्त करेगा और आगे की पूरी प्रशासनिक व्यवस्था उसी के अनुसार संचालित होगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि ट्रस्ट के पदेन सदस्यों को मतदान करने का अधिकार नहीं होता है। दर्शनार्थियों की संख्या में कमी आने की चचाओं को सिरे से खारिज करते हुए नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि राम मंदिर में श्रद्धालुओं की कोई कमी नहीं है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु नियमित रूप से दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं से लगातार संवाद किया जा रहा है और इस दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत या असंतोष की बात सामने नहीं आई है।

## बंगाल की खाड़ी में भूकंप, आंध्र प्रदेश में झटके



**विशाखापत्तनम।** बंगाल की खाड़ी में रविवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र आंध्र प्रदेश के तटीय शहर काकीनाडा से 225 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी में था। भूकंप का केंद्र सतह से 10 किलोमीटर अंदर था। भूकंप की झटके आंध्र प्रदेश के कई शहरों में लोगों ने महसूस किए। विशाखापत्तनम में भी भूकंप की वजह से लोग घरों से बाहर आ गए। हालांकि भूकंप की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई है। एक विज्ञप्ति में कहा गया, रविवार सुबह बंगाल की खाड़ी में रिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का हल्का भूकंप आया और विशाखापत्तनम शहर के कई हिस्सों में हल्के झटके महसूस किए गए। इसमें कहा गया है कि भूकंप के कारण किसी के हताहत होने, संपत्ति को नुकसान पहुंचने या किसी अन्य तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। विज्ञप्ति में आगे कहा गया कि झटके हल्के थे और निवासियों के बीच घबराहट की कोई खबर नहीं मिली।




# ईरान ने मिडिल-ईस्ट के 5 देशों पर किया हमला

## अमेरिका के 140 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक का दिया जवाब

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका की एयरस्ट्राइक के बाद ईरान ने मिडिल-ईस्ट में जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। रविवार को ईरान ने 5 देशों जॉर्डन, कुवैत, बहरीन, कतर और यूएई में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

इससे पहले अमेरिका ने ईरान के करीब 140 सैन्य ठिकानों पर बमबारी की थी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, यह बमबारी होर्मुज स्ट्रेट में साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज पर ईरान के हमले के बाद की गई। जहाज में आग लग गई, इंजन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक दल का एक सदस्य लापता हो गया।

इसके बाद ईरान ने जॉर्डन के प्रिंस हसन एयरबेस, कुवैत में अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम और रडार साइट, बहरीन में अमेरिकी सैन्य संचार केंद्र, जबकि कतर और वअए की ओर भी मिसाइल और ड्रोन दागे। इसके अलावा ईरान ने अगले आदेश तक होर्मुज को बंद करने का ऐलान भी किया है। साथ ही कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

अमेरिका ने शनिवार देर रात ईरान पर बड़े पैमाने पर एयरस्ट्राइक की।



अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि करीब 140 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमला होर्मुज में साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज पर हुए हमले के जवाब में किया गया। हमले में जहाज में आग लग गई, इंजन को भारी नुकसान पहुंचा और चालक दल का एक सदस्य लापता है।

एयरस्ट्राइक के कुछ ही देर बाद ईरान ने पलटवार का दावा किया। ईरान के मुताबिक, ईरानी सेना ने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले किए। ईरान का दावा है कि कुवैत में अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम, गोला-बारूद डिपो और रडार साइट, जबकि बहरीन में अमेरिकी कम्युनिकेशन सिस्टम और रडार साइट को निशाना बनाया गया। हालांकि, इन हमलों की अमेरिका, कुवैत या बहरीन ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**ईरान बोला- होर्मुज स्ट्रेट पर फैसला हम और ओमान करेंगे**

ईरान ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही से जुड़े भविष्य के फैसले केवल ईरान और ओमान की आपसी सलाह से होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बताया कि शनिवार को मस्कट में दोनों देशों के कानूनी और तकनीकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई। बघाई ने कहा कि बैठक में होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा, जहाजों की सुरक्षित आवाजाही और दोनों देशों के संप्रभु अधिकारों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय कानून और अमेरिका-ईरान के बीच हुए एमओयू के दायरे में होनी चाहिए।

**बहरीन में अमेरिकी सैन्य अड्डे से उठा धुआं**

ईरान के ताजा हमलों के बाद बहरीन में अमेरिकी सैन्य अड्डे से धुआं उठता दिखाई दिया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में बेस के ऊपर धुएं का गुबार नजर आ रहा है। इससे पहले ईरान ने दावा किया था कि उसने बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ड्रोन और मिसाइलों से निशाना बनाया है। वहीं, बहरीन में मिसाइल अलर्ट जारी किया गया था और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया।

अमेरिका का आरोप है कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज पर हमला किया। इ

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर शिकंजा, पुलिस ने तीन शूटर दबोचे

## टारगेट किलिंग की प्लानिंग; विदेशी नेटवर्क का खुलासा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के रोहिणी जिला स्पेशल स्टाफ को बड़ी सफलता मिली है। स्टाफ ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े 3 शूटर को पकड़ा है। ये शूटर बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। ये शूटर टारगेट किलिंग की प्लानिंग कर रहे थे। रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ को इसकी जानकारी मिली थी जिसके बाद इन्हें ट्रैक किया जा रहा था।



इन शूटर को विदेश में बैठे नेटवर्क के जरिए जानकारी मिल रही थी, जिसके बाद इन्हें वारदात को अंजाम देना था। ये शूटर दिल्ली में कई वारदातों में वांटेड थे। इससे पहले भी टारगेट करके फायरिंग की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम अपराध की दुनिया में दूर तक सुनाई देता है। ऐसे में इन लोगों के गैंग के मेंबर्स को पकड़कर ये साफ मैसेज दिया गया है कि अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे।

# शर्मनाक- बरेली में असम की महिला से दुष्कर्म

## दो युवकों ने होटल में ले जाकर की वारदात

**बरेली।** उत्तराखंड के रुद्रपुर से बरेली आ रही असम की महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह घटना भोजापुरा थाना क्षेत्र के जादौंपुर में हुई, जहां महिला को दो युवकों ने एक होटल में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

असम की महिला उत्तराखंड के रुद्रपुर में नौकरी करती है। वह शुक्रवार को रुद्रपुर से बरेली आ रही थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके बच्चों को भूख लगी थी, इसलिए वह जादौंपुर में बस से उतर गई। वहां एक कपड़े की दुकान पर उसे दो युवक मिले। आरोपियों ने महिला को बातों में फंसा लिया और बच्चों को खाने-पीने के लिए भेज दिया। इसके बाद वे दोनों महिला को वेलकम गेस्ट हाउस ले गए। वहां दोनों आरोपियों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने बताया कि शिकायत करने पर आरोपियों ने उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। महिला किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर भोजीपुरा थाने पहुंची।

पुलिस ने शुक्रवार रात आरोपी परवेज और शकील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। महिला का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर नामजद दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। घटनाक्रम की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में 7 साल की बच्ची का रेप के बाद मर्डर

**गाजियाबाद।** जिले से एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने सभी को हिला दिया है। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में एक निर्माणाधीन मॉल में सात साल की बच्ची का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचने का साथ जांच शुरू की तो दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला सामने आया जिसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है वहीं एक नाबालिग को हिरासत में भी लिया गया है।

गाजियाबाद में सामने आई इस शर्मसार करने वाली घटना को लेकर समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार नंदग्राम की सहायक पुलिस आयुक्त (कार्यवाहक) प्रियाश्री पाल ने बताया कि हमें 11 जुलाई की रात एक बजे सूचना मिली कि निर्माणाधीन मॉल के अंदर एक बच्ची का शव मिला है। इसके बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से सबूत इकट्ठा करने के लिए फोरेंसिक की एक टीम को भी बुलाया गया था। बच्ची के परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या, दुष्कर्म और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर दो मुख्य आरोपियों की पहचान की।

# कम बर्फबारी और बढ़ती गर्मी से पांच दिन में अंतर्ध्यान हुए बाबा बर्फानी

**जम्मू।** बाबा बर्फानी के शिवलिंग का यात्रा शुरू होने के महज पांच दिनों के अंदर ही गायब होने की बात मौसम विज्ञानियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। मौसम विज्ञानी सोनम लोटस ने कहा कि कम बर्फबारी होना ही सबसे बड़ा कारण है। गुफा के आसपास का वातावरण,तापमान लगातार बदल रहा है। बीते वर्ष की तुलना में इस बार ठंड में बर्फबारी भी कम हुई है। बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या ने बाबा बर्फानी की गुफा के आसपास मौसम का मिजाज बदल कर रख दिया है।

मौसम विज्ञानी सोनम लोटस ने बताया कि यात्रा को लेकर लगातार पेड़ों की कटाई,सड़कों,जनसुविधाओं के लिए किए जा रहे निर्माण का कार्य भी बड़ा कारण है। जिससे वहां लगातार तापमान पर असर पड़ रहा है। 24 घंटे जेनरेटर,निर्माण में लगी बड़ी बड़ी मशीनें,निकल रहे धुएं से वहां का प्राकृतिक वातावरण तो खराब हुआ ही है लगातार तापमान में बदलाव नजर आ रहा है। यहां पर दिन में भी 10 से 20 डिग्री सेल्सियस तक तापमान रहता है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025 में 10 दिनों तक ही



बाबा बर्फानी का शिवलिंग दिखाई दिया। इस बार तो महज पांच दिनों में ही बाबा अंतर्ध्यान हो गए। यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक दर्ज की गई है। अभी भी यात्री लाइन में लगकर यात्रा में जाने का इंतजार कर रहे हैं। खाने-पीने के स्टॉल,कचरे के कारण बढ़ता प्रदूषण वहां के पारिस्थितकी तंत्र को प्रभावित कर चुका है।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि बाबा अमरनाथ गुफा के आसपास पांच ग्लेशियर हैं। लगातार मौसम में बदलाव के बाद यह सिकुड़ते जा रहे हैं। जिसके कारण यहां का मौसम हर वर्ष बदल रहा है। गर्मी का असर है कि समय से पहले ही बाबा बर्फानी का आकार कम होने के साथ ही कम समय में ही शिवलिंग पिघलना शुरू कर दे रहा है।

अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी का हिम शिवलिंग इस वर्ष यात्रा शुरू होने के मात्र पांच दिनों में पिघल गया, जिसका प्रमुख कारण कम बर्फबारी, बढ़ता तापमान और बदलता मौसम बताया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बढ़ते निर्माण कार्य, श्रद्धालुओं की संख्या, प्रदूषण और सिकुड़ते ग्लेशियरों ने गुफा के आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित कर हिम शिवलिंग के जल्दी पिघलने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
रविवार, 12 जुलाई, 2026
03

# पुलिसकर्मी की संदिग्ध मौत

## बैंक की सुरक्षा में थे तैनात, आधी रात को मिली खून से सनी लाश





एनएनआई

**मथुरा।** सिविल लाइन स्थित केनरा बैंक की सुरक्षा में तैनात मुख्य आरक्षी की संदिग्ध परिस्थितियों में गले में गोली लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

एटा के पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव गदुआ निवासी मुख्य आरक्षी अजीत कुमार (42) बीते 12 वर्षों से मथुरा में तैनात थे। वर्तमान में वह बालाजीपुरम में परिवार के साथ रह रहे थे। सिविल लाइन के पास स्थित केनरा बैंक की सुरक्षा में रात शिफ्ट में उनकी ड्यूटी थी। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात आठ बजे वह ड्यूटी पर पहुंचे थे, जबकि साथी पुलिसकर्मी बैंक के गेट पर तैनात था। बैंक के सुरक्षा गार्ड रूम में चले गए। इसी दौरान अजीत की संदिग्ध परिस्थितियों में गले में गोली लग गई। गोली की आवाज सुनने से आसपास लोगों में दहशत फैल गई और भीड़ जुट गई। सुरक्षा में तैनात अन्य पुलिसकर्मी साथियों ने कंट्रोलरूम को सूचना दी। आनन-फानन उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थोड़ी देर बाद एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह और सीओ सिटी आशाना चौधरी पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। अजीत की पत्नी और बेटा भी मौके पर पहुंच गए। रोते बिलखते पत्नी ने आरोप लगाया है कि उनकी हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने राइफल को अपने कब्जे में लिया है।

# पुलिस मुठभेड़ में फायरिंग के दो आरोपी गिरफ्तार



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** पुलिस मुठभेड़ के दौरान फायरिंग के दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि उसके साथी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह कार्रवाई 7 जुलाई को आर्य नगर क्षेत्र में अभिषेक पर फायरिंग के मामले में की गई। इस घटना के बाद थाना उत्तर में मुकदमा दर्ज कर विशेष टीमें गठित की गई थीं। शनिवार रात को मुखबिर की सूचना पर बैंदी की पुलिया के पास चेकिंग के दौरान काली बुलेट मोटरसाइकिल पर आए दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में रामनगर, लाइनपार निवासी प्रिंस के पैर में गोली लगी। उसका साथी गुदाऊ निवासी सुमित भागने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक 32 बोर की अवैध पिस्टल, एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है और उनसे अन्य मामलों में भी पूछताछ जारी है।

# हाथरस में 12 घंटे के अंदर 14 लोगों को सांप ने डंसा

एनएनआई

**हाथरस।** बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। पिछले 12 घंटों के भीतर 14 लोगों को सांप ने डस लिया, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला बागला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें रविवार सुबह 4 वर्षीय गणेश पुत्र नरेंद्र मोहन निवासी



जलालपुर, थाना हाथरस जंक्शन शामिल हैं।


गणेश को खेलते समय सांप ने डस लिया था। परिवारजन उसे तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। इसी क्रम में, बीती रात अंशु पुत्र छक्कू सिंह निवासी चिंतागढ़ी, थाना चंडपा को सोते समय सांप ने डस लिया। उन्हें भी इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। गांव जिरौली, थाना सासनी की निवासी प्रियंका पत्नी कुलदीप को काम करते समय सर्पदंश का शिकार होना पड़ा, जिसके बाद उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सर्पदंश के अन्य पीड़ितों में शिवम पुत्र कालका सिंह (मया सादाबाद), नीरज पुत्र सचिन (वीर नगर, थाना हाथरस जंक्शन), कान्हा पुत्र बृजपाल (खोरना, थाना सासनी), मनीष पुत्र देवेंद्र (खोड़ा रति, थाना हाथरस जंक्शन), प्रशांत पुत्र राकेश (दरियापुर, थाना हाथरस जंक्शन), अमन पुत्र शिवम (भूडरी, थाना मुरसान), संजय पुत्र गंगा प्रसाद (सादाबाद), हरिशंकर पुत्र विजय सिंह (वनगढ़), हरिश्चंद्र पुत्र गिर्राज (रुहेरी, थाना हाथरस गेट) और संजय पुत्र गंगा प्रसाद (सादाबाद) शामिल हैं। इन सभी को भी इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

# किशोर की मौत पर जिम संचालक के खिलाफ तहरीर

**अलीगढ़।** कस्बे की टीचर कॉलोनी निवासी विनय गौड़ (14) की पिछले दिनों हुई मौत के मामले में पिता प्रदीप शर्मा ने जिम सेंटर संचालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। बीती चार जुलाई को विनय जिम गया था। वहां से लौटते समय उसने सब्जी पैंठ के पास शीतल जल पीया और एक दुकान से पनीर खरीद कर खाया था।

परिजनों को आशंका थी कि जहरीला पनीर खाने से विनय की मौत हुई है, लेकिन अब परिजनों ने जिम सेंटर से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज मांगी है। फुटेज न देने और टालमटोल करने पर परिजनों ने थाने में जिम सेंटर संचालक के खिलाफ तहरीर दी है। परिजनों का कहना है कि मृत बेटे के शव का उस समय पोस्टमार्टम नहीं कराया था। अब उन्हें आशंका है कि हो सकता है कि उसके साथ जिम सेंटर में कोई अनहोनी की गई हो, इसीलिए सीसीटीवी फुटेज की जरूरत है। यदि फुटेज मिल जाती है तो उसमें मौत के मामले कोई सुराग मिल सकता है। आरोप है कि जिम संचालक ने घटना वाले दिन से ही सीसीटीवी बंद कर रखे हैं। कोतवाल राजवीर सिंह परमार का कहना है कि जांच हर पहलू पर की जा रही है।



# नाले से लेकर यमुना तक तलाश

## चौथे दिन भी जारी रहा रेस्क्यू ऑपरेशन, गंगा देवी का नहीं लगा पता

एनएनआई

**आगरा।** थाना मंटोला के सुभाष बाजार में बुधवार नाले के ऊपर बनी दुकान ढहने के बाद चौथे दिन सुभाष बाजार की दुकानें खुल गईं। बाजार में एक बार फिर ग्राहक आने शुरू हो गए। एहतियातन पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। पुलिस ने कारोबारियों के सहयोग पर आभार जताया है। वहीं हादसे के चौथे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा पर अभी तक नाले में गिरी वृद्धा का पता नहीं चला है। रविवार को पुलिस नए सिरे से तलाश शुरू करेगी।

सुभाष बाजार में दिलीप कुंजवानी की राधा स्वामी क्लॉथ स्टोर नाम से दुकान थी। बुधवार दोपहर 2:25 बजे बारिश के दौरान दो मंजिला दुकान ढह कर नाले में समा गई थी। हादसे में दुकान पर बैठे दिलीप के पिता तुलाराम, कर्मचारी लाला भाई, बेटा कृष्णा और ग्राहक तेहरा निवासी अनीता, उनकी डेढ़ वर्षीय बेटी अनन्या और उनकी मां गंगा देवी नाले में गिर गई थीं। सभी को लोगों ने बाहर निकाल लिया था पर वृद्ध गंगा देवी का पता नहीं चला था। पुलिस, नगर निगम की टीम, एसडीआरएफ और जल पुलिस तलाश में जुटी थी। बुलडोजर से तोड़ कर नाले की सफाई शुरू की गई थी। शनिवार को पुलिस और नगर निगम की टीम ने नाले की सफाई करते हुए आंबेडकर पार्क तक वृद्धा की तलाश की पर उनका पता नहीं चल पाया। अंधेरा होने पर तलाश रोक दी गई।

डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रविवार को नगर निगम के कर्मचारी पुलिस टीम के साथ नाले के छोर पर यमुना की ओर तलाश करेंगे। एसडीआरएफ की टीम यमुना में तलाश करेगी। जल पुलिस भी सहयोग करेगी। वृद्धा बहकर दूसरे जिले तक न पहुंच गई हो, इस आशंका को देखते हुए अन्य जिलों को भी अलर्ट किया गया है। परिवार के लोगों से बात की गई और वह सहयोग कर रहे हैं। कारोबारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन में सहयोग करते हुए दुकान बंद रखी थीं।






आज से कई इलाकों के आठ लाख लोगों को नहीं मिलेगा पानी, पाइपलाइन होगी शिफ्ट

# दो दिन जलसंकट

एनएनआई

**आगरा।** शिवाजी मार्केट के नजदीक पानी की लाइन शिफ्ट करने की वजह से रविवार और सोमवार को दो तिहाई शहर में जलापूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान जीवनी मंडी और सिकंदरा वाटरवर्क्स से जुड़े करीब आठ लाख से ज्यादा लोगों को जल संकट से जूझना पड़ेगा। लाइन शिफ्ट करने के बाद मंगलवार सुबह से जलापूर्ति शुरू होगी। सुभाष बाजार में दुकान गिरने की वजह से पाइपलाइन की शिफ्टिंग का काम टाल दिया गया था। जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुमार गौरव ने बताया कि छत्ता जोन के बिजली घर चौराहे के पास शिवाजी मार्केट के सामने पाइपलाइन शिफ्ट करने का काम शनिवार से शुरू हो गया। मरम्मत की वजह से रविवार और सोमवार को सुबह व शाम के समय जलापूर्ति नहीं होगी। मंगलवार सुबह लोगों को पानी मिलना शुरू होगा। शिवाजी मार्केट के सामने नाले के अंदर से पानी की लाइन पड़ी हुई है, जिससे कचरा और सिल्ट रुकती है। इस वजह से लोगों को जलभराव झेलना पड़ता है। पाइपलाइन शिफ्ट होने से जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी।

**इन क्षेत्रों में नहीं मिलेगा पानी**

काजीपाड़ा, मंटोला, कालामहल, कोतवाली, दरेसी, रावतपाड़ा, बेलनगंज, छत्ता, शाहगंज क्षेत्र के अलबतिया रोड, सुभाष नगर, बालाजीपुरम, दयालबाग, सिकंदरा, आवास विकास कॉलोनी, जगदीशपुरा, किशोरपुरा, भीमनगर, बोदला, मारुति एस्टेट, अवधपुरी, पश्चिमपुरी, शास्त्रीपुरम, राजपुर चुंगी।



# नगर निगम ने रातों-रात तोड़ी बुद्धा पार्क की दीवार

**आगरा** एनएनआई। कालिंदी विहार क्षेत्र में स्थित बुद्धा पार्क के 10 करोड़ रुपये से कराए जा रहे बाउंड्री निर्माण में गुणवत्ता की पोल खुलने के बाद नगर निगम हरकत में आ गया है। निगम प्रशासन ने देर रात ही पार्क की झुकी हुई दीवार को गिराकर मलबा हटा दिया। निगम प्रशासन ने दावा किया है कि चूंकि पार्क अभी निर्माणाधीन है। ऐसे में ठेकेदार से ही दोबारा दीवार बनवाई जाएगी और उसमें नगर निगम का कोई अतिरिक्त खर्च नहीं होगा। भारतीय जाटव समाज संगठन के आग्रह के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस पार्क का निर्माण शुरू हुआ था। शासन की ओर से पार्क के निर्माण के लिए करोड़ों रुपये का विशेष प्रावधान किया गया है। हालांकि टेंडर प्रक्रिया में सवाल उठने के बाद अब निर्माण की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में आ गई है।



## होटल की छत से गिरा मजदूर मौत

**आगरा** एनएनआई। थाना ताजगंज मे पर्यटन थाने के सामने निर्माणधीन होटल से मजदूर की गिरकर मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमारटम के लिए भेजा है पुलिस को परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। पत्नी राधा ने बताया पति अजय मजदूरी करते थे शनिवार सुबह वह मजदूरी के लिए निकले थे बताया था की फतेहाबाद रोड पर होटल मै मजदूरी का काम मिला है । रात आठ बजे पति की फोन पर छत से गिरने की सूचना मिली मौके पर पहुंचने पर पति की मौत हो चुकी थी। डी सी पी सिटी ने बताया की मामला दुर्घटना का है, परिजन लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

नकली दवा के अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़

# 58 फर्मों के लाइसेंस निरस्त, जांच को भेजे 35 नमूने; दो गोदाम सील

एनएनआई

**आगरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नकली और सरकारी दवाओं की तस्करी के अंतरराज्यीय रैकेट का खुलासा किया है। आगरा में तीसरे चरण में 13 मेडिकल फर्मों पर छापा मारकर जांच की और दो को सील कर दिया। दो फर्मों से दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। शनिवार को 13 मेडिकल फर्मों के 14 संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाने में तीन तहरीरें दी हैं। साथ ही तीन चरणों में हुई कार्रवाई के बाद गड़बड़ी मिलने पर थोक की 58 मेडिकल फर्मों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं।

एफएसडीए आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने 15 औषधि निरीक्षकों की टीम के साथ कम्पूटोला, मुबारक महल, जूता बाजार, नवाबिया मार्केट समेत 10 बाजारों में स्थित 13 फर्मों और उनके गोदामों पर शुक्रवार को एक साथ छापा मारा। इसमें कम्पूटोला में मोहन ट्रेडर्स, प्रशांत मेडिकल, वंश फार्मा, डॉली ड्रग हाउस, नूर फार्मा, इनाया फार्मा हैं। मुबारक महल में मनी मेडिकल एजेंसी, एपी फार्मा, एचएमजी ड्रग हाउस, नीलकंठ



मेडिको कृष्णा कॉम्प्लेक्स में, पोरवाल मेडिकेयर शू मार्केट में, मनु फार्मा कोतवाली के सामने और आरडीएम फार्मास्युटिकल्स नवाबिया मार्केट में है। इनमें से मोहन ट्रेडर्स कम्पूटोला और मनी मेडिकल को सील कर दिया है। नीलकंठ मेडिको और मनु फार्मा पर दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई है। छापे में 35 संदिग्ध दवाएं मिली हैं। जांच के लिए इनके नमूने लिए गए हैं। नकली ड्रग सिंडिकेट में शामिल फर्मों के 14 संचालकों के खिलाफ थाना कोतवाली में तीन तहरीरें दी गई हैं। आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि नकली-सरकारी दवाओं की तस्करी का अंतरराज्यीय रैकेट सामने आया है। आगरा से हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली व उत्तराखंड में नकली-सरकारी दवाओं की तस्करी के सुबूत मिले हैं। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है। अभी मामले की जांच चल रही है।

**अब तक दर्ज कराई जा चुकी हैं छह प्राथमिकी**

एफएसडीए की टीमें इससे पहले आगरा में दो चरणों में छापा मारकर 3.72 करोड़ रुपये की दवाएं सीज कर चुकी हैं। चार गोदाम सील हैं। 51 मेडिकल एजेंसी पर छापा मारकर 125 दवाओं के नमूने जांच को भेजे जा चुके हैं। मई में ज्योति ड्रग हाउस के अवैध गोदामों से 2.50 करोड़ रुपये की इंसुलिन, वैक्सीन और सैन्य-ईएसआई अस्पताल की दवाएं बरामद हुई थीं। श्री मेडिकल एजेंसीज से 50 लाख की नकली ऑक्सलगिन डीपी जब्त हुई थी। इसका अंतरराज्यीय नेटवर्क सामने आया था। रुड़की (उत्तराखंड) की लेरोई फार्मास्यूटिकल्स पर छापा मारकर नकली पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई थी। जून में ब्राइट फार्मा संचालक के आवास पर 5.20 लाख रुपये की जीवनरक्षक और सरकारी दवाओं पर अवैध री-लेबलिंग पकड़ी थी। सीएफ इंटरप्राइजेज, सुमित माधवानी, सुमित गुप्ता के अवैध गोदामों से 67 लाख रुपये की अवैध दवाएं और फिजिशियन सैंपल्स जब्त किए थे। पूरे सिंडिकेट के खिलाफ अब तक छह प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी हैं। तीसरे चरण की कार्रवाई के बाद तीन प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
रविवार, 12 जुलाई, 2026


## विवि शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव

# प्रचार का कल अंतिम दिन

### रोचक दौर में पहुंचा चुनाव

### चुनावी नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

विश्वविद्यालय के चुनाव प्रचार में इस बार व्यक्तिगत आरोप - प्रत्यारोप भी खूब उछाले जा रहे हैं, जो चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। निजी आरोप-प्रत्यारोप बढ़ने से न केवल चुनाव की गरिमा प्रभावित हो रही है, बल्कि विश्वविद्यालय की छवि भी धूमिल हो रही है। चुनाव अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा। एक प्रत्याशी के समर्थकों ने व्यक्तिगत आरोप लगाने वाले प्रत्याशी का पर्चा रद्द करने की मांग चुनाव अधिकारी से की है।



### मतदाता कर्मियों को लुभाने को दे रहे प्रलोभन

जैसे-जैसे चुनाव प्रचार आखिरी दौर के मुकाम पर पहुंच रहा है, वैसे-वैसे मतदाता कर्मचारियों को पटाने के लिए प्रलोभन का दौर शुरू हो गया है। कुछ प्रत्याशी मतदाता कर्मचारियों को प्रलोभन के रूप में सामग्री का वितरण कर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। वे सीधे तौर पर मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं और चुनावी माहौल को खराब कर रहे हैं। इसके बावजूद अभी तक ऐसे प्रत्याशी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव में भारतीय मजदूर संघ भी कूद गया है। भारतीय मजदूर संघ ने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अखिलेश चौधरी के समर्थन में कर्मचारियों के बीच प्रचार किया। भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भगौर ने कहा कि विश्वविद्या लय के सभी कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। अखिलेश चौधरी लगातार नौवीं बार अध्यक्ष चुने जाएंगे। उनके मुकाबले में कोई नहीं है। अखिलेश चौधरी कर्मचा रियों की हर समस्या के लिए दिन-रात कंधे से कंधा मिला कर खड़े रहते हैं। भारी बहुमत से उनकी जीत पक्की है।

### कई पदों पर आमने-सामने की टक्कर

विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव में क ई पदों पर आमने-सामने का मुकाबला है। अध्यक्ष पद पर सीधा मुकाबला है। इसमें निवर्तमान अध्यक्ष अखिलेश चौधरी अपनी कर्मठता और संघर्षशील छवि के कारण सभी के लोकप्रिय और पसंदीदा उम्मीदवार बने हुए हैं। प्रतिद्वंद्वी के अनगर्ल प्रचार के बावजूद उनकी लोकप्रि यता बरकरार है। वहीं महामंत्री पद पर त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिल रहा है। विश्वविद्यालय के सूत्रों के अनुसार महामंत्री पद पर दो प्रत्याशी मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका उद्देश्य दूसरे पैनल के प्रत्याशी को किसी भी स्थिति में जीतने से रोकना है। जबकि कई बार के निवर्तमान महामंत्री अरविंद गुप्ता भले ही इस बार मैदान से बाहर हों, लेकिन उन्होंने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। उनके समर्थक चुनाव के रुख को बारीकी से देख रहे हैं। कोषाध्यक्ष पद पर कई प्रत्याशी होने के कारण ऊंट किसी भी करवट बैठेगा यह भविष्य बताएगा। सहमंत्री पद पर भी मुकाबला काफी रोचक बना हुआ है। उपाध्यक्ष पद पर भी आमने-सामने की टक्कर है। इसमें वर्तमान सह-मंत्री कुलदीप यादव और आशु ठाकुर के बीच कड़ी टक्कर है।

### सभी कर्मचारीयों का मिल रहा समर्थन, पूरा पैनल जीतेगा

विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारियों संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अखिलेश चौधरी ने कहा कि उन्हें सभी कर्मचा रियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उनका पूरा पैनल चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा। उनके लिए कर्मचा रियों का हित पहले है। कर्मचारी हितों के लिए उन्होंने संघर्ष किया है और यह जारी रहेगा।

# बिजली के तारों से छेड़छाड़ न हो, ट्रांसफॉर्मर से भी बनाएं दूरी

### टोरंट पावर ने अभियान चला विद्युत सम्बन्धी खतरों से लोगों को किया आगाह

एनएनआई

**आगरा।** टोरंट पावर ने शहर मेंआम लोगों को विद्युत सम्बन्धी खतरों और असावधानीवश होने वाली दुर्घटनाओं से आगाह किया। टोरंट पावर द्वारा मेहताब में क्षेत्रीय जनता को आगाह किया कि आगामी दिनों में आंधी बारिश होगी। इस दौरान जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें और बिजली लाइन व ट्रांसफॉर्मर से उचित दूरी बना कर रखें। टोरंट पावर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपभोक्ता ओं को आगाह किया कि विद्युत लाइन, ट्रांसफॉर्मरों और उपकरणों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। वहीं



दूसरी टीम ने लोहा मंडी क्षेत्र में अहमदाबाद शाह दरगाह के पीछे चलाए जागरूकता अभियान में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान रखें।

# सिंधी समाज की विभूतियों को किया सम्मानित

- इंडियन आइडल फेम मोहित लालवानी की आवाज पर झूमे शहरवासी, मचाया धमाल



एनएनआई

**आगरा।** सिंधु एंटरप्रेनॉर वर्ल्ड कनेक्ट संस्था की ओर से सिंधी सम्मान एवं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन फतेहाबाद रोड स्थित होटल ताज कन्वेंशन सेंटर में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष बंसल, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग, विशिष्ट अतिथि रोमसंस के संस्थापक किशोर खन्ना, आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टी.एन. अग्रवाल और आगरा सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल फेम गायक मोहित लालवानी की संगीतमय प्रस्तुति रही। उन्होंने बॉलीवुड और सिंधी गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक गीतों ने समारोह को यादगार बना दिया। संचालन जागृति चतुर्वेदी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन दिवाकर पंजवानी ने दिया। इस अवसर पर दीपक दयलानी, पुनीत कालरा, विकास दुलानी, कमल अखिल मंगवानी, रोहित हेमदेव, गौरव सुखवानी, जितेंद्र हूतवानी, सीए करन पंजवानी, धीरज गवालानी, जयंत मंगरानी, राजेश विजय, कपिल मीरचंदानी, पलाश मंगरानी आदि उपस्थित रहे।

# सेवा व संस्कार के संकल्प के साथ नई टीम ने संभाला दायित्व

- भारत विकास परिषद उड़ान शाखा का पंचम अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद की उड़ान शाखा का पंचम अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह होटल क्लार्क शिराज में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाजसेवा, संस्कार और संगठनात्मक दायित्वों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए नई कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.एन. मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आशुतोष गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथियों में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश बंसल, प्रांतीय महासचिव सीए विवेक अग्रवाल आदि रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात महिला शक्ति द्वारा प्रस्तुत 'वंदे मातरम' ने समारोह को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नवीन सदस्यों एवं उपाध्यक्ष प्रहलाद मित्तल, लोकेश अग्रवाल, छैलबिहारी खंडेलवाल तथा दिनेश अग्रवाल को शपथ दिलाई गई। वहीं शाखा सदस्यों ने गिरीश माथुर के निर्देशन में सोशल मीडिया विषय पर व्यंग्यात्मक नाटक प्रस्तुत कर डिजिटल माध्यमों के सकारात्मक उपयोग का संदेश दिया।

समारोह में कमल, नीलिमा गुलाटी, ललिता गोयल, अनीता खंडेलवाल, मीनू मित्तल, नीता अग्रवाल, डॉ. मनोज परिहार, डॉ. रानी परिहार सहित बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण लीला समिति के मनीष अग्रवाल लगातार दसवीं बार बने अध्यक्ष

**अगले पांच वर्षों के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन, नई कार्यकारिणी गठन का मिला अधिकार**

एनएनआई



**आगरा।** श्रीकृष्ण लीला समिति की वॉटर वर्क्स स्थित अतिथिवन में आयोजित बैठक में वरिष्ठ उद्योगपति एवं समाजसेवी मनीष अग्रवाल को सर्वसम्मति से अगले पांच वर्षों के लिए निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

वर्ष 2017 से लगातार अध्यक्ष पद का दायित्व निभा रहे मनीष अग्रवाल को यह जिम्मेदारी लगातार दसवीं बार सौंपी गई है। बैठक में उन्हें नई कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों के चयन का पूर्ण अधिकार भी प्रदान किया गया।

शहर के न्यू मार्केट स्थित प्रतिष्ठित सीमेंट व्यवसायी एवं नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के दो बार अध्यक्ष रह चुके मनीष अग्रवाल के निर्वाचन पर उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर नेशनल चैंबर के अध्यक्ष मनोज बंसल ने कहा कि यह पूरे व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि उनके पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल को लगातार दसवीं बार समिति का अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से अगले पांच वर्षों के लिए उनका निर्वाचन उनकी कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का प्रमाण है।

लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आरएन वर्मा ने भी मनीष अग्रवाल को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

बैठक में नेशनल चैंबर अध्यक्ष मनोज बंसल, पीतांबरा मंदिर के महंत अनंत उपाध्याय, आदर्श नंदन गुप्ता, विजय रोहतगी, शेखर गोयल, मनोज कुमार गुप्ता (लिंकर), अशोक गोयल, गिर्राज बंसल, राजीव अग्रवाल, ब्रजेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, संजय गर्ग, धर्मेंद्र गर्ग बॉबी, पंकज मोहन शर्मा, विनीत, लक्ष्मण शर्मा, केके अग्रवाल, अनूप गोयल, जवाहर लाल, वीरेंद्र गोयल, मनोज गोयल आदि उपस्थित रहे।

# मृदंग-मंजीरों की धुन पर गूंजा 'हरे कृष्ण' जयघोष

- इस्कॉन द्वारा 16 जुलाई को निकलेगी भव्य श्रीजगन्नाथ रथयात्रा, 14 जुलाई को नयन उत्सव और 15 जुलाई को छप्पन भोग का आयोजन



एनएनआई

**आगरा।** भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथयात्रा से पहले आगरा की पुरानी गलियां भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आईं। मृदंग और मंजीरों की मधुर ताल पर गूंजते "हरे कृष्ण, हरे कृष्ण... हरे राम, हरे राम..." के संकीर्तन के बीच इस्कॉन मंदिर के श्रद्धालुओं ने पुराने शहर में भव्य आमंत्रण यात्रा का आयोजन किया। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर द्वारा (इस्कॉन) 16 जुलाई को होने वाले श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाया। सिर पर भगवान श्रीजगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम के विग्रह स्वरूप विराजमान थे, जबकि श्रद्धालु भक्ति-भाव से कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और जयघोष के साथ स्वागत कर धार्मिक उल्लास का वातावरण बना दिया। पीपल वाले गेट से प्रारंभ हुई आमंत्रण यात्रा का शुभारंभ इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविन्द स्वरूप प्रभु ने भगवा ध्वज दिखाकर किया। यात्रा सिंधी बाजार, फव्वारा, किनारी बाजार, रावतपाड़ा, दरेसी और कचहरी घाट होते हुए बेलनगंज तिराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में बड़ी संख्या में लोग अपने प्रतिष्ठानों और घरों से बाहर निकलकर यात्रा के दर्शन करते रहे, जबकि कई श्रद्धालु संकीर्तन की धुन पर भावविभोर होकर नृत्य करते दिखाई दिए। श्रीजगन्नाथ मंदिर (इस्कॉन), रश्मि नगर, कमला नगर में 14 जुलाई को नयन उत्सव आयोजित होगा। स्नान पूर्णिमा के बाद 14 दिनों के विश्राम उपरांत भगवान श्रीजगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम भक्तों को पुनः दर्शन देंगे। 15 जुलाई को छप्पन भोग एवं फूल बंगला की मनोहारी झांकी सजाई जाएगी, जबकि 16 जुलाई को बल्केश्वर महालक्ष्मी मंदिर से भव्य श्रीजगन्नाथ रथयात्रा निकाली जाएगी।

# यमुना तट पर गूंजेगा 'जय जगन्नाथ', रथयात्रा महोत्सव का हुआ आगाज



- रथयात्रा निकालने वाले प्राचीन श्री जगन्नाथ महाराज मंदिर में हुआ आमंत्रण पत्र का विमोचन
- 14 जुलाई को नवयौवन दर्शन एवं नयन उत्सव, 16 जुलाई को होंगे श्री जगन्नाथ जी के रथयात्रा दर्शन और महाप्रसादी

एनएनआई

**आगरा।** यमुना किनारा, बेलनगंज स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ जी महाराज मंदिर में शनिवार को श्री जगन्नाथ जी रथयात्रा महोत्सव के आमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण रहा। मंदिर के सेवायत, पदाधिकारी एवं श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ जी के जयघोष के साथ आगामी महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ किया।

मंदिर के सेवायत पंडित लक्ष्मण शर्मा ने बताया कि 14 जुलाई (मंगलवार) को भगवान श्री जगन्नाथ जी के नवयौवन दर्शन एवं नयन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक महाहवन एवं विशेष पूजा संपन्न होगी। इसके उपरांत सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्रद्धालुओं को भगवान के नवयौवन स्वरूप के दर्शन कराए जाएंगे। स्नान यात्रा के बाद भगवान के विश्राम उपरांत होने वाले ये दर्शन विशेष धार्मिक महत्व रखते हैं।

मंदिर की मुखिया सरिता शर्मा ने बताया कि 16 जुलाई (गुरुवार) को श्री जगन्नाथ जी के रथयात्रा दर्शन सायं 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक होंगे। इस दौरान श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के दिव्य रथ स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

उन्होंने यह भी बताया कि श्री जगन्नाथ पुरी (उड़ीसा) के बाद आगरा में स्थापित यह पहला श्री जगन्नाथ मंदिर माना जाता है, जहां आज भी प्राचीन परंपराओं के अनुसार भगवान की पूजा-अर्चना एवं उत्सव आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री जगन्नाथ के नवयौवन दर्शन, रथयात्रा दर्शन एवं महाप्रसादी का लाभ लेने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर आनंद अग्रवाल, तरंग सिंघल, पवन सिंघल, आदर्श नंदन गुप्त, सारंग सिंघल, चिराग शर्मा, स्नेहा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महिला उद्यमियों ने सीखे वित्तीय प्रबंधन के गुर



- शी विल इंस्पायर संस्था के वित्तीय जागरूकता सत्र में व्यवसायिक ऋण, निवेश, बचत और सरकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

एनएनआई

**आगरा।** महिला उद्यमियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें बैंकिंग व्यवस्था की बेहतर समझ प्रदान करने के उद्देश्य से शी विल इंस्पायर संस्था द्वारा "बैंकिंग ऑन हर" विषय पर विशेष वित्तीय जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

होटल हॉलीडे इन में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक की जोनल हेड अंजू मित्तल ने महिलाओं को बैंकिंग, निवेश, ऋण, सरकारी योजनाओं और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की व्यावहारिक जानकारी दी। पूरे सत्र के दौरान महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

मुख्य वक्ता पंजाब नेशनल बैंक की जोनल हेड अंजू मित्तल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रत्येक महिला का वित्तीय रूप से जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में तीन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए–परिवार एवं पारिवारिक व्यवसाय की वित्तीय जानकारी स्वयं के पास भी रखें, नियमित बचत करें और उस बचत का सही दिशा में पुनर्निवेश करें।

उन्होंने सलाह दी कि कभी भी अपनी पूरी पूंजी केवल एक ही निवेश योजना में न लगाएं। निवेश को फिक्स्ड डिपॉजिट, शेयर बाजार, सोना और प्रॉपर्टी जैसे विभिन्न माध्यमों में विभाजित करना अधिक सुरक्षित और लाभकारी होता है।

अंजू मित्तल ने बताया कि अधिकांश लोगों को यह जानकारी नहीं होती कि बैंक खातों के साथ-साथ एटीएम कार्ड सहित कई बैंकिंग सेवाओं पर बीमा सुरक्षा भी उपलब्ध होती है। उन्होंने महिलाओं को पति के साथ संयुक्त बैंक खाता रखने की सलाह देते हुए कहा कि इससे आवश्यकता पड़ने पर वित्तीय कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक खाते और लॉकर के लिए नॉमिनी का चयन पूरी सावधानी से करना चाहिए।

उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं वित्तीय मामलों में काफी जागरूक हैं और उन्हें अपने परिवार के बैंक खातों एवं बैंकिंग प्रक्रियाओं की अच्छी जानकारी रहती है। शहरी महिलाओं को भी इस दिशा में आगे आने की आवश्यकता है।

शी विल इंस्पायर की संस्थापक राशि गर्ग ने कहा कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं को केवल प्रेरित करना नहीं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान और अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि "वित्तीय जागरूता" जैसे कार्यक्रम महिलाओं को आत्मविश्वास देने के साथ-साथ उनके व्यवसाय को नई दिशा प्रदान करते हैं। भविष्य में भी संस्था इसी प्रकार के ज्ञानवर्धक एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं अपने उद्यमों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकें।

वित्तीय सत्र में कृतिका खन्ना, डॉ. भास्कर ज्योति, हरमीत कौर, सीएस चांदनी जैन, एड नम्रता मिश्रा, आस्था, डॉ. अरुजा लूथरा, पूजा असवानी, मीतू, राशि, शिवांगी जैन, श्रुति, तनु आदि मौजूद रहे।

# प्राणियों को उनके अनुरूप कार्य में लगाते हैं गणेश भगवानः डॉ.दीपिका



**आगरा (एनएनआई)।** भगवान गणेश अपनी शरण में आए प्रत्येक प्राणी के अनुरूप कार्य की गवेषणा कर उसे उस कार्य में लगाते हैं। यही कारण है कि विनायक का यह रूप 'ढुंढिराज विनायक' कहलाता है।' काशी के ढूंढिराज विनायक का महत्व सुनाते हुए कथावाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने उक्त वचन कहे। श्रीगोपालजी धाम, दयालबाग में चल रही इस कथा में काशी के विभिन्न विनायक स्वरूपों का वर्णन किया गया।

आगे कथावाचक ने काशी से भगवान महादेव के मंदराचल जाने का तथा राजा दिवोदास को शासन सौंपने की कथा का मनोरम वर्णन किया। राजा दिवोदास के धर्म परायण शासन में काशीवास के नियम जानकर उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गए। कथावाचक ने कहा कि राजा दिवोदास के शासन में दोष ढूंढने के लिए भगवान शिव ने जितने भी देवी देवताओं को भेजा, वे सब वहीं काशी में शिवलिंग की स्थापना कर उसी में स्थित हो गये।यही कारण है कि काशी में आज भी हर गली में असंख्य शिवलिंग हैं। इस अवसर पर आर. के. मेहता, कैप्टन बिशन सिंह, देवेन्द्र गोयल, अनुज गुप्ता, डॉ राजीव शर्मा, वीना कालरा, सरिता गौतम, सारिका कालरा, नीलम गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

# सिकंदरा के भावना एस्टेट में सजेगी जनकपुरी



एनएनआई

**आगरा।** ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव की शान इस साल सिकंदरा क्षेत्र के भावना एस्टेट को मिली है।

रामलीला कमेटी ने शनिवार को हुई बैठक में जनकपुरी महोत्सव के लिए कई क्षेत्रों के प्रस्तावों पर विचार करने के बाद भावना एस्टेट को चुना। इसकी औपचारिक घोषणा आज रविवार, को शाम 6 बजे रामलीला मैदान के पास राम हनुमान मंदिर में की जाएगी। विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में लायर्स कॉलोनी, बल्केश्वर और जयपुर हाउस के प्रस्तावों पर गहन चर्चा हुई, लेकिन अंतिम निर्णय भावना एस्टेट के पक्ष में लिया गया। इस वर्ष का आयोजन इसलिए खास है क्योंकि 2027 में रामलीला कमेटी 150 वर्ष पूरी करेगी। इस बार का जनकपुरी महोत्सव उस भव्य आयोजन की तैयारी का एक पूर्वाभ्यास माना जा रहा है। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिस मार्ग पर जनकपुरी होगा, उसका नाम बाबरपुर है, जिसे विधायक खंडेलवाल बदलवाने का प्रयास कर सकते हैं। कमेटी के महामंत्री राजीव अग्रवाल ने कहा कि रामलीला की गरिमा बनाए रखते हुए रामबरात और जनकपुरी को और भव्य बनाया जाएगा।

# सरकार की प्राथमिकताओं में विकास

## कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लगाई जनचौपाल, बताई सरकार की उपलब्धियां

एनएनआई



**आगरा।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत अलबतिया क्षेत्र स्थित रामजीत नगर में सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। यह विकास कार्य क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय आधारभूत संरचना को और अधिक सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा एवं कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक योगेंद्र उपाध्याय ने सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के बाद आयोजित जनता की चौपाल में क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया।

जनता की चौपाल में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा, "जनसेवा, विकास एवं विश्वास के संकल्प के साथ आगरा दक्षिण निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमारी सरकार का एकमात्र ध्येय अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।" उन्होंने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश सुशासन और अभूतपूर्व विकास कार्यों के बल पर देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित जनता के बीच केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि आज मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत के तहत मुफ्त इलाज, पीएम आवास योजना और हर घर नल से जल जैसी योजनाएं धरातल पर उतरकर आमजन के जीवन को सुगम बना रही हैं। तुष्टिकरण की जगह संतुष्टिकरण की राजनीति से समाज के हर वर्ग का सशक्तिकरण हो रहा है।

मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इसे तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा ताकि जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। चौपाल के दौरान उपस्थित प्रबुद्ध जनों और स्थानीय निवासियों ने कैबिनेट मंत्री के समक्ष अपनी बातें रखीं, जिसका उन्होंने मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। विकास योजना के शुभारंभ के दौरान प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ,डॉ अलौकिक उपाध्याय , मंडल अध्यक्ष पंडित देवेश पचौरी, भगवान शर्मा , पार्षद मीनाक्षी वर्मा, अविनाश भट्ट, संतोषी लाल वर्मा, मंजू कुशवाह, डॉ हरिकृपा शुक्ला, पूजा शर्मा, ठाकुर मुनेश परमार, मोहित पांडेय, डॉ प्रदीप उप्रेती, बबलू चाहर, रविकांत उपाध्याय, पदम सिंह, राजवीर धाकड़, अनुज रोचानी भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय निवासी मौजूद रहे।

# बरसों रे मेघा-मेघा पर झूमे बच्चे

**आगरा एनएनआई।** कालिंदी विहार स्थित साईं किडीज स्कूल में शनिवार को मानसून डे मनाया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्नों ने रंग-बिरंगी छतरियां और रेनकोट पहनकर बारिश की फुहारों के बीच खूब मस्ती की। एक्टिविटी में सभी बच्चे अपने साथ बादल, वर्षा, रेनबो भी बनाकर लाए। स्कूल संचालिका पायल कटियार ने बच्चों को बादल और बारिश होने की वजह भी समझाई। स्कूल प्रिंसिपल प्रज्ञा पटेल ने बच्चों को बारिश के दिनों बाहर चीज न खाने की सलाह दी। स्कूल टीचर रजनी और पायल शर्मा ने भी बच्चों के साथ खूब मस्ती की।




# एनसीसी का उद्देश्य कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता बढ़ाना

एनएनआई

**आगरा।** वन यूपी बटालियन, एनसीसीद्वारा संचालित सीएटीसी 06 कैंप जो श्री राम आदर्श महाविद्यालय पनवारी में फर्स्ट अफसर विकास मिश्रा ने अपने व्याख्यान में कहा एनसीसी का मुख्य उद्देश्य केवल अनुशासन सिखाना नहीं बल्कि ऐसे युवा तैयार करना है। लेफ्टिनेंट वरुण कुमार ने अपने व्याख्यान में कैडेट्स को एनसीसी संगठन को विस्तार से समझाया और कैडेट्स की जिज्ञासाओं का समाधान किया। सूबेदार मेजर निर्मल सिंह व ट्रेनिंग जेसीओ एच आर यादव ने बताया की कंपनी के अनुसार विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और खेलकूद संपन्न हुए। जिसमें रस्सा कशी, टेंट पिकटिंग और वॉलीबॉल में कैडेट्स ने जोर आजमयश की। प्रतियोगिताओं को नायब सूबेदार योगेश सिंह,बी एच एम मोहम्मद मोइनुद्दीन,हवलदार मानवेंद्र सिंह, हवलदार मोहिंदर, हवलदार पवन रेग्मी,हवलदार बेगम थापा, हवलदार हरदीप सिंह ,नायक अभिषेक हवलदार शिलास थापा संचालित किया।



# 161 गांवों में जापानी 'मियावाकी' तकनीक से उगेंगे घने जंगल

- 10 गुना तेजी से बढ़ेंगे पौधे, मियावाकी पद्धति से 39 हेक्टेयर भूमि पर लगेंगे 14 लाख पौधे
- आगरा मंडल में रोपे जाएंगे 1.64 करोड़ से अधिक पौधे, विकसित होंगे 7 विशिष्ट वन क्षेत्र

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन और हरित पट्टी (ग्रीन कवर) को बढ़ावा देने के लिए एक बेहद प्रभावी अभियान चला रही है। आगरा जनपद के ग्रामीण इलाकों को 'ऑक्सीजन हब' में बदलने और वनों का दायरा बढ़ाने के लिए जापानी 'मियावाकी पद्धति' का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। मानसून के बाद पहली बारिश होते ही आगरा मंडल में रिकॉर्ड तोड़ पौधरोपण का महाअभियान शुरू होने जा रहा है।

इस वर्ष वन विभाग और पंचायती राज विभाग के समन्वय से आगरा जनपद के 161 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया है। इन गांवों की करीब 39 हेक्टेयर भूमि पर मियावाकी पद्धति से 13 से 14 लाख पौधे लगाए जाएंगे। यह जापानी तकनीक पौधों को सामान्य से 10 गुना तेजी से बढ़ती है और पारंपरिक वनों की तुलना में ये 30 गुना अधिक घने और आत्मनिर्भर होते हैं। इस परियोजना की खास बात यह है कि यह पर्यावरण सुधार के साथ- साथ स्थानीय स्तर पर ग्रामीण श्रमिकों और मनरेगा मजदूरों के लिए आजीविका का बड़ा जरिया बन रही है।



उपायुक्त (श्रम रोजगार) रामायण सिंह यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण को बेहतर करने के लिए मियावाकी पद्धति एक गेम- चेंजर साबित हो रही है। मनरेगा और वन विभाग के इस संयुक्त प्रयास से हम आगरा के 161 गांवों में करीब 39 हेक्टेयर क्षेत्र में सघन वन विकसित कर रहे हैं। इससे न केवल हमारे ग्रामीण श्रमिकों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिल रहा है, बल्कि पारंपरिक देशी प्रजातियों के रोपण से भविष्य में ग्रामीणों को आर्थिक लाभ भी होगा। यह योजना पर्यावरण सुधार के साथ ग्रामीण विकास को नई दिशा दे रही है।

ब्रज क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए आगरा मंडल में कुल 419 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां वन विभाग के साथ अन्य विभागों के आपसी सहयोग से कुल 1.64 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है। इसके अलावा मंडल के चारों जिलों में 7 विशिष्ट वन क्षेत्र भी विकसित किए जाएंगे। मंडल में सबसे अधिक 53,34,914 पौधे आगरा जनपद में लगाए जाने हैं। इसके बाद फिरोजाबाद में 44,13,932, मैनपुरी में 34,07,217 और मथुरा में 33,04,728 पौधे रोपे जाएंगे।

इस अभियान में जैव विविधता और पौधों की दीर्घायु का पूरा ध्यान रखा गया है। इसके लिए नर्सरियों में ऐसे पौधे तैयार किए गए हैं जो छायादार और फलदार होने के साथ-साथ औषधीय महत्व के भी हैं। इस बार पीपल, बरगद, पाखर, नीम, अर्जुन, जामुन, सहजन, शीशम, कदंब, बेल, गूलर, महुआ और आम समेत 27 प्रकार के औषधीय पौधों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आगरा वृत्त के वन संरक्षक अनिल कुमार पटेल ने बताया कि ब्रज क्षेत्र में पौधरोपण को लेकर हर जिले में लक्ष्य तय है, जिसमें मंडल में सबसे अधिक पौधे आगरा जनपद में रोपे जाएंगे। इस साल पौधरोपण में हमने जैव विविधता का पूरा ध्यान रखते हुए 27 औषधीय और दीर्घायु वाले पौधों पर अधिक जोर दिया है। चारों जिलों की नर्सरियों में पौधे पूरी तरह तैयार हैं, जो डिमांड के मुताबिक विभागों को दिए जाएंगे। इस अभियान से लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन तो मिलेगी ही, साथ ही भूजल स्तर सुधारने, जैव विविधता बचाने और जलवायु संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।



थाना प्रभारी हरीश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में थाना दिवस लगाया गया जिसमें आठ शिकायत आई उनमें से एक शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी जिसमें पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मिलकर शिकायतों का निस्तारण किया।



खेरागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत भैंसोंन मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनिल सिकरवार रहे। भारी संख्या में वृक्षारोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाए गए और कई पदाधिकारी को पौधो की देखरेख के लिए आदेश दिया गया है।

# यमुना में संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट

## छह बाढ़ चौकियां कीं स्थापित

एनएनआई

**फतेहाबाद।** मानसून के दौरान यमुना नदी में संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए तहसील प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसडीएम स्वाति शर्मा के निर्देश पर तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है, जबकि नदी किनारे बसे गांवों की निगरानी के लिए छह बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं।



प्रशासन द्वारा नरि, भोलपुरा, नगला बेहड़, लुहारी फतेहाबाद, पारौली सिकरवार और अई गांव में बाढ़ चौकियां स्थापित कर अधिकारियों की तैनाती की गई है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए सात प्रशिक्षित गोताखोरों तथा दो नाव संचालकों को अलर्ट पर रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

संभावित बाढ़ की स्थिति में प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, भगवती देवी कन्या इंटर कॉलेज बाजिदपुर, प्राथमिक विद्यालय ईधौन, सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज फतेहाबाद, जूनियर हाईस्कूल भलोखरा, पशु अस्पताल बेगमपुर, जूनियर हाईस्कूल वरना तथा जूनियर हाईस्कूल पारौली सिकरवार को राहत शिविर के रूप में चिन्हित किया गया है।

राहत शिविरों के संचालन और आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों, ग्राम सचिवों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों को सौंपी गई है। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखते हुए किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के निर्देश दिए हैं।

# घरेलू बटवारे के विवाद में भिड़े सगे भाई

**बाह** एनएनआई। बिजकौली गांव में घरेलू बटवारे के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सगे भाई हरेन्द्र सिंह एवं राहुल के परिवार भिड़ गये। दोनों पक्षों में हुई मारपीट में जमकर लाठी, डंडे चले। एक दूसरे पर ईंट, पत्थर भी फेंके। चीख पुकार और अफरा तफरी के बीच पहुंचे बस्ती के लोगों ने दोनों पक्षों को अलग कर मामले को शांत कराया।

मारपीट में हरेन्द्र सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा देवी, बेटा विशाल तथा राहुल की पत्नी वर्षा घायल हो गये। सूचना पर पहुंची बाह पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराया है। दोनों पक्ष मारपीट के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# गोवंश से टकराई बाइक, तीन राजमिस्त्री घायल

एनएनआई

**बाह।** इटावा से धौलपुर लौट रहे बाइक सवार तीन राजमिस्त्री खेडा राठौर के अभयपुरा चौराहे पर हादसे का शिकार हो गये। तीनों को चिंताजनक हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। धौलपुर के गढ़ी विनतीपुरा गांव के रामखिलाड़ी, कन्हैयालाल एवं बंटू ठेके पर राजमिस्त्री का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि इटावा के विधूना में काम खत्म कर तीनों शुक्रवार को बाइक से घर लौट रहे थे। पिनाहट नंदगवा मार्ग पर रात 10 बजे खेडा राठौर के अभयपुरा चौराहे के पास अचानक सड़क पर आए गोवंश से बाइक टकरा गई। जिससे तीनों बाइक समेत सड़क पर घिसट गये। चीख पुकार पर मौके पर आए स्थानीय लोगों की मदद से तीनों




घायलों को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा रेफर कर दिया।

# ट्रक में मिली चालक की खून से सनी लाश, क्लीनर ने सीने पर मारे चाकू

एनएनआई

**शमसाबाद।** आंध्र प्रदेश से आलू लोड कराने के लिए शमसाबाद के एक कोल्ड स्टोर पर आए ट्रक के चालक और क्लीनर में शुक्रवार रात विवाद हो गया। ट्रक की केबिन के अंदर क्लीनर ने चालक के सीने पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची शमसाबाद पुलिस ने हत्यारोपी क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस के मुताबिक आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के फेड़ावेगी मंडलम निवासी 36 वर्षीय कुटुंब राव पुत्र पी. वेंकटेश्वर राव क्लीनर नागराजू के साथ आलू लोड कराने के लिए ट्रक लेकर शमसाबाद स्थित एमएल कोल्ड स्टोरेज पर आए थे। शुक्रवार रात चालक और क्लीनर के बीच किसी बात पर कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर क्लीनर नागराजू ने ट्रक की केबिन में ही चालक के सीने पर चाकू से कई वार किए। चालक कुटुंब राव गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी होने पर स्थानीय लोग उन्हें बरौली अहीर के एक निजी हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शमसाबाद थाना पुलिस ट्रक चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस ने हत्यारोपी क्लीनर नागराजू को गिरफ्तार भी कर लिया। ट्रांसपोर्टर पवन सारस्वत ने घटना की प्राथमिकी थाना शमसाबाद में दर्ज कराई है। मामले में एसीपी शमसाबाद राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया पुलिस हत्या के कारणों की गहनता से जांच कर रही है।

# छात्र को धरना स्थल पर मिली टीसी, यूनिफार्म

## पुस्तकों की बिक्री की होगी जांच, तीसरे दिन समाप्त हुआ भाकियू का धरना

एनएनआई

**बाह।** तहसील बाह क्षेत्र के निजी स्कूलों में यूनिफार्म एवं पुस्तकों की बिक्री बंद किए जाने एवं छात्र को टीसी दिए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (सर्वोदय) का तहसील मुख्यालय पर शनिवार को तीसरे दिन धरना जारी था। धरना स्थल पर तहसीलदार बाह संपूर्ण कुलश्रेष्ठ की मौजूदगी में स्कूल प्रबंधक ने छात्र रुद्र प्रताप को टीसी प्रदान की। टीसी मिलने के बाद संगठन के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान ने के साथ हुई वार्ता में ग्रामीण किसानों के बेटों का निजी स्कूलों में पढ़ाई के नाम पर शोषण, उत्पीड़न का मामला उठा। स्कूल या चिन्हित दुकान से ही किताबें और यूनिफार्म बेचे जाने के मामले में जांच एवं कार्यवाही को लेकर सहमति बनी। एनसीईआरटी के



निर्धारित पाठयक्रम की पुस्तकों से पढ़ाई कराकर गरीब परिवारों को शोषण से बचाए जाने की मांग की है। कार्यवाही के आश्वासन पर शनिवार को भाकियू ने धरना समाप्त कर दिया। गरीब छात्रों को न्याय न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। धरना प्रदर्शन में जितेन्द्र सिंह तोमर, राजीव सिंह भदौरिया, प्रमोद सिंह, श्रीनिवास शर्मा, सोनू शर्मा, रतीराम सिंह, भोला सिंह, चंदा देवी, गोमती कुमारी आदि रहे।

## संपादकीय

# ऐसे-कैसे बहाल होगा विश्वास!

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की पहली बैठक में आखिरकार महामंत्री चंपत राय व सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए। अब ट्रस्ट के अन्य सदस्य कृष्ण मोहन को अंतरिम महामंत्री बनाया गया है लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ दो इस्तीफों से श्रद्धालुओं के भरोसे की बहाली हो पाएगी? जैसा कि नवनियुक्त अंतरिम महामंत्री कृष्ण मोहन ने कहा कि मेरी प्राथमिकता है कि चंदा चोरी के मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा,उसे कड़ी सजा मिले। उन्होंने स्वीकारा कि ट्रस्ट प्रबंधन और संचालन में कहीं न कहीं खामियां रही हैं। उन्हें दूर करने का प्रयास होगा। साथ ही माना कि जो तथ्य सामने आए हैं उससे न्यास की छवि धूमिल हुई है। एक अविश्वास का भाव उत्पन्न हुआ। ट्रस्ट की प्रतिष्ठा को फिर स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।विडंबना यह है कि इस मामले के खुलासे के बाद जहां न्यास के दायरे में जिम्मेदारी तय किए जाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए थी, वहां शुरू से आरोपों की दिशा भ्रमित करने की कोशिश होती रही।निश्चित तौर पर यह कदम विवाद के बीच जिम्मेदारी और आरोपियों के प्रति नरमी बरतने को लेकर उठते गंभीर सवालों की तीव्रता को कम करने की एक कवायद है, लेकिन इस बीच जैसी असहज करने वाली स्थितियां पैदा हुईं, उसने आम लोगों के भरोसे को कमजोर ही किया है। सवाल यह है कि आस्था व विश्वास से खिलवाड़ के कृत्य की जांच के लिये क्या एसआईटी की जांच पर्याप्त है? क्या चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफे मात्र से उनकी लापरवाही और गैर जिम्मेदार व्यवहार पर कार्रवाई पूरी मान ली जाए? क्या इतनी कार्रवाई मात्र से सारे प्रकरण से संदेह के बादल छंट जाएंगे और लोगों का खंडित भरोसा फिर से कायम हो जाएगा? अब तो संघ प्रमुख ने भी स्वीकारा है कि इस घटनाक्रम से व्यापक हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। हालांकि गोविंद देव ने कुछ बेशकीमती वस्तुएं ही सार्वजनिक की हैं। ऐसी 2926 वस्तुएं बताई जा रही हैं। चढ़ावा चोरी का विवाद तो चल ही रहा है लेकिन धीरे धीरे यह भी पता चल रहा है कि चढ़ावे में चोरी के अलावा और भी कई विवाद हैं। कई और जगह घोटाले की बात आ रही है। इसमें दो चर्चा सबसे खास है। पहली तो यह कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से तीन या चार कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिन पर 125 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। लखनऊ से संचालित हो रही एसआईटी की जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। कहा जा रहा है कि वह सवा सौ करोड़ रुपए के आयोजनों की भी जांच करेगी। मंदिर के उद्घाटन से लेकर ध्वजारोहण तक के कार्यक्रम पर सवा सौ करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसकी जांच से और भी कई चीजें खुलने की संभावना है।इसी तरह दूसरा मामला दान में मिली चांदी को पिघलाने और उस पर हुए खर्च का मामला है। कानून तो यह भी कहता है कि चांदी को गलाने, दान की गई वस्तुओं का स्वरूप बदलने का अधिकार ट्रस्ट को नहीं है। फिर ऐसा क्यों किया गया? ट्रस्ट ने भारत सरकार की ह्यमिंटह्ल से अनुबंध क्यों किया? ऐसे कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं।मंदिर निर्माण में हुई कथित गड़बड़ी और जमीन खरीदने में हुई गड़बड़ी का मामला भी जोर पकड़ रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में चढ़ावा चोरी को लेकर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। सोचें, केंद्र के एक प्रतिनिधि ट्रस्ट में पदेन सदस्य हैं और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव रहे नृपेंद्र मिश्रा भी मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष के नाते पदेन सदस्य हैं। ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार द्वारा कराया गया है। इसके बावजूद केंद्र सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है और न कोई बयान दिया जा रहा है। यही हाल राज्य सरकार का है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और राज्य के अपर गृह सचिव संजय प्रसाद ट्रस्ट के पदेन सदस्य हैं। इस तरह राज्य सरकार भी मंदिर प्रबंधन की व्यवस्था में शामिल है। लेकिन उसने भी एक एसआईटी बना कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। केंद्र और राज्य दोनों के पास इतनी एजेंसियां हैं लेकिन किसी को पता नहीं चला कि मंदिर में क्या हो रहा है और जब हो गया तब भी किसी ने कोई ऐसी कार्रवाई नहीं की, जिससे लोगों का विश्वास बहाल हो। बहरहाल, इतना तय है कि ट्रस्ट की कारगुजारियों में सबकुछ न तो पारदर्शी था और न ही सब कुछ नियम अनुसार ही चला। कहा जा रहा है कि कुछ पदाधिकारियों के पास जरूरत से ज्यादा अधिकार थे, जिसके चलते अन्य सदस्य उदासीन बने रहे। यही वजह है कि कुछ लोग एसआईटी से इतर एक उच्च स्तरीय जांच की मांग इस मामले में करते रहे हैं। निस्संदेह, बहुचर्चित चढ़ावा चोरी प्रकरण की गूंज पूरी दुनिया में हुई है, जिसने संघ,भाजपा, केंद्र सरकार व प्रदेश की सरकार को असहज स्थिति में ला खड़ा किया है।यही वजह है कि लोग इस मामले में किसी लीपा-पोती के बजाय भक्तों के दान की पारदर्शी व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं। जिससे गाहे-बगाहे देश के अन्य प्रमुख तीर्थस्थलों में भी उठने वाले चंदे में हेरा-फेरी के मामलों का हमेशा के लिये पटाक्षेप हो सके।

# रिवाज संस्था के 'हाउस वाइफ बैडमिंटन टूर्नामेंट' में दिखी छुपी प्रतिभाएं

एनएनआई




**आगरा।** रिवाज संस्था एवं परिश्रम बैडमिंटन अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "हाउस वाइफ बैडमिंटन टूर्नामेंट" आज उत्साह, खेल भावना और महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सहायक जीएसटी आयुक्त अक्षिता शगुन ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का भी माध्यम हैं। उन्होंने गृहिणियों की खेलों में बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर कुलदीप पाठक, मनोज अग्रवाल, जीनत जीशान, डॉ. गरिमा गुप्ता, अवधेश उपाध्याय, ऋतुराज दुबे एवं संजीव दोहरे सहित शहर की अनेक गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की।

प्रतियोगिता में शहर की कई गृहिणियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।


कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्वेता वार्ष्णय, स्वतंत्र कुमार, अभिषेक चौहान एवं उत्सव सक्सेना का विशेष सहयोग रहा।

रिवाज संस्था की अध्यक्ष मधु सक्सेना ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था आगे भी महिलाओं के स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन करती रहेगी।

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। पूरे आयोजन का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण और महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हुआ।








## 26 रुपये लेकर मुंबई पहुंचे थे जीवन, 60 फिल्मों में निभाया नारद मुनि का किरदार

# खलनायकी से बनाई अलग पहचान




**24 भाई-बहनों के बीच बीता बचपन, धार्मिक फिल्मों के नारद से लेकर बॉलीवुड के चर्चित खलनायक तक का रहा यादगार सफर**

हिंदी सिनेमा के इतिहास में कुछ कलाकार ऐसे रहे हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से पर्दे पर अमिट छाप छोड़ी। ओंकार नाथ धर, जिन्हें फिल्म जगत में 'जीवन' के नाम से पहचान मिली, ऐसे ही कलाकारों में शामिल थे। धार्मिक फिल्मों में नारद मुनि के रूप में उनकी छवि आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा है। करीब छह दशक लंबे फिल्मी सफर में उन्होंने जहां लगभग 60 फिल्मों में नारद मुनि का किरदार निभाया, वहीं बाद के वर्षों में खलनायक की भूमिकाओं से भी अलग पहचान बनाई।



24 अक्टूबर 1915 को कश्मीर के एक प्रतिष्ठित कश्मीरी पंडित परिवार में जन्मे जीवन का बचपन संघर्षों से भरा रहा। जन्म के समय ही उनकी माता का निधन हो गया था, जबकि तीन वर्ष की आयु में उन्होंने अपने पिता को भी खो दिया। 24 भाई-बहनों वाले बड़े परिवार में पले-बढ़े जीवन बचपन से ही अभिनेता बनने का सपना देखते थे। उस दौर में संभ्रांत परिवारों में फिल्मों में काम करना अच्छा नहीं माना जाता था, लेकिन अभिनय के प्रति उनका आकर्षण इतना प्रबल था कि 18 वर्ष की आयु में वे घर छोड़कर मुंबई पहुंच गए। उस समय उनकी जेब में मात्र 26 रुपये थे।

मुंबई पहुंचने के बाद जीवन को लंबे संघर्ष का सामना करना पड़ा। शुरूआती दिनों में उन्हें निर्देशक मोहन सिन्हा के स्टूडियो में रिफ्लेक्टरों पर चांदी का कागज चिपकाने का काम मिला। स्टूडियो में काम करते हुए उनकी अभिनय प्रतिभा पर नजर पड़ी और उन्हें फिल्म 'फैशनेबल इंडिया' में अभिनय का अवसर मिला। यही मौका उनके फिल्मी जीवन की शुरूआत साबित हुआ।



# जीवन



इसके बाद जीवन ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। धार्मिक फिल्मों में उन्होंने नारद मुनि के रूप में ऐसी पहचान बनाई कि एक समय लगभग हर प्रमुख धार्मिक फिल्म में उन्हें ही यह भूमिका दी जाने लगी। बताया जाता है कि उन्होंने विभिन्न भाषाओं की करीब 60 फिल्मों और अनेक मंचीय प्रस्तुतियों में नारद मुनि का किरदार निभाया। फिल्म 'हर हर महादेव' में निभाई गई उनकी भूमिका विशेष रूप से चर्चित रही और दर्शकों ने उन्हें देवर्षि नारद की छवि के रूप में स्वीकार कर लिया। हालांकि जीवन ने जल्द ही यह समझ लिया था कि उनका व्यक्तित्व पारंपरिक नायक की छवि से अलग है। इसके बाद उन्होंने चरित्र और खलनायक भूमिकाओं की ओर रुख किया। अपनी प्रभावशाली संवाद अदायगी, सशक्त स्क्रीन उपस्थिति और अलग अंदाज के कारण वे हिंदी सिनेमा के प्रमुख खलनायकों में गिने जाने लगे। 1960, 1970 और 1980 के दशक में उन्होंने अनेक सफल फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाईं। उनकी चर्चित फिल्मों में 'रोमांटिक इंडिया', 'स्टेशन मास्टर', 'अफसाना', 'नागिन', 'कानून', 'जॉनी मेरा नाम', 'हीर रांझा', 'अमर अकबर एंथनी', 'धर्मवीर', 'लावारिस', 'नसीब', 'याराना' और 'सुहाग' जैसी फिल्में शामिल हैं। मनमोहन देसाई की फिल्मों में निभाए गए उनके किरदार विशेष रूप से सराहे गए। फिल्म 'कानून' में अदालत के दृश्य में उनका एकालाप लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहा। जीवन ने हिंदी के अलावा पंजाबी और भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया। अभिनय के साथ-साथ उन्होंने फोटोग्राफी, नृत्य, संगीत और एक्शन जैसे क्षेत्रों में भी हाथ आजमाया, हालांकि उनकी सबसे बड़ी पहचान एक अभिनेता के रूप में ही बनी रही। उन्हें 'जीवन' नाम प्रसिद्ध फिल्मकार विजय भट्ट ने दिया था। इससे पहले वे ओंकार नाथ धर अथवा ओ.एन. धर के नाम से जाने जाते थे। फिल्मी दुनिया में चार दशक से अधिक समय तक सक्रिय रहने वाले जीवन ने अपने अभिनय से कई पीढ़ियों के दर्शकों को प्रभावित किया। उनके पुत्र किरण कुमार ने भी फिल्म और टेलीविजन जगत में अपनी अलग पहचान बनाई। 10 जून 1987 को 71 वर्ष की आयु में जीवन का निधन हो गया, लेकिन नारद मुनि और प्रभावशाली खलनायक के रूप में उनकी पहचान आज भी भारतीय सिनेमा के इतिहास में दर्ज है।

# अल्वारेज के जादू से सेमीफाइनल पहुंची अर्जेंटीना



## 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल खेलने वाली स्विट्जरलैंड लौटी घर

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना को 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल खेलने वाली स्विट्जरलैंड ने जमकर छकाया। एक समय तो उलटफेर तक होता नजर आ रहा था। लेकिन इस बार अर्जेंटीना को मेसी नहीं, बल्कि जूलियन अल्वारेज ने बचाया। 1-1 की बराबरी के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाली स्विट्जरलैंड ने गोल पोस्ट के सामने डिफेंसिव बस खड़ी कर दी थी। अल्वारेज फिर भी नहीं हारे और उन्होंने एक्स्ट्रा टाइम यानी 112वें मिनट में स्विट्जरलैंड की डिफेंसिव बस के ऊपर से गोल करके अर्जेंटीना को सेमीफाइनल का टिकट दिला दिया। इसके बाद स्विट्जरलैंड की टीम वापसी नहीं कर सकी और 3-1 से उनका वर्ल्ड कप में सफर समाप्त हो गया। वहीं अर्जेंटीना ने छठी बार सेमीफाइनल में कदम रखा। अर्जेंटीना की टीम जैसे ही स्विट्जरलैंड के सामने उतरी तो उसे गोल करने का रास्ता खुला हुआ मिल गया। मैच के दसवें मिनट में ही अर्जेंटीना के लिए एलेक्स मैकएलिस्टर ने शानदार हेडर के जरिए क्वार्टर फाइनल का पहला गोल दाग दिया। इस तरह उन्होंने साल 2022 के बाद अर्जेंटीना के लिए कोई गोल किया और फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास का यह उनका पहला गोल था। अर्जेंटीना ने जब मैच के दस मिनट में ही एक गोल से बढ़त ली तो उसके बाद फैंस को लगा कि उनकी टीम आसानी से तीन से चार गोल दागने वाली है।



# आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर एक भी जीत नहीं दर्ज कर सकी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी में आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टी20 टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम सात टी20 मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी। छह मुकाबलों में हार मिली, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। दौरे के समापन के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने खिलाड़ियों से परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने और अधिक जिम्मेदारी के साथ प्रदर्शन करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि पेशेवर खिलाड़ियों के रूप में बदलती परिस्थितियों को समझना और उनके अनुसार खेलना बेहद महत्वपूर्ण है।



भारत को सबसे पहले आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 श्रृंखला में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

यह पहला अवसर रहा जब आयरलैंड ने भारत को किसी टी20 श्रृंखला में पराजित किया। इसके साथ ही श्रेयस अय्यर आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला गंवाने वाले भारत के पहले कप्तान बने। आयरलैंड दौरे के बाद इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन भारतीय टीम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में संघर्ष करती नजर आई। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत चार मुकाबले हार गया, जबकि एक मैच वर्षा की भेंट चढ़ गया।

# विंबलडन महिला एकल का खिताब लिंडा नोस्कोवा के नाम

### हमवतन कैरोलिना मुचोवा को हराकर पहली बार बनीं ग्रैंड स्लैम चैंपियन

**लंदन।** चेक गणराज्य की 21 वर्षीय लिंडा नोस्कोवा ने विंबलडन 2026 महिला एकल का खिताब जीत लिया। फाइनल में उन्होंने हमवतन कैरोलिना मुचोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-2, 5-7, 6-3 से हराकर अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ी पहली बार विंबलडन के फाइनल में पहुंची थीं और इससे पहले किसी ने भी ग्रैंड स्लैम एकल खिताब नहीं जीता था। मुकाबले में नोस्कोवा ने पहला सेट आसानी से 6-2 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में वह 5-2 की बढ़त पर थीं और खिताब से एक कदम दूर नजर आ रही थीं, लेकिन मुचोवा ने लगातार पांच गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट में नोस्कोवा ने शानदार वापसी करते हुए 6-3 से जीत दर्ज की। नोस्कोवा का घास के कोर्ट पर इस सत्र का यह दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने बर्लिन ओपन के फाइनल में जेसिका पेगुला को हराकर ट्रॉफी जीती थी। विंबलडन जीत के साथ उनकी विश्व रैंकिंग में भी सुधार होगा और वह करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग पर पहुंच जाएंगी। नोस्कोवा पिछले चार वर्षों में विंबलडन महिला एकल का



खिताब जीतने वाली तीसरी चेक खिलाड़ी बनी हैं। उनसे पहले मार्केटा वोंड्रुसोवा और बारबोरा क्रेजिकोवा यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। फाइनल मुकाबला देखने के लिए पूर्व चैंपियन पेट्रा क्विटोवा और मार्टिना नवरातिलोवा भी सेंटर कोर्ट में मौजूद रहीं। नौ बार की विंबलडन विजेता नवरातिलोवा और दो बार की चैंपियन क्विटोवा ने मुकाबले का आनंद लिया। नोस्कोवा 2011 के बाद विंबलडन जीतने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बनी हैं।

# रविवार, 12 जुलाई राशिफल

मेष: आज आर्थिक मामलों में समझदारी से फैसले लेने का दिन है। करियर में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार का सहयोग मिलेगा और रुके हुए कार्यों में गति आएगी। छोटी यात्रा के योग बन सकते हैं। बातचीत में संयम रखें।

वृष: आज आत्मविश्वास और आकर्षण बढ़ा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च से बचें। नए लोगों से मुलाकात लाभदायक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन: आज संवाद और संपर्क के माध्यम से लाभ मिलने के संकेत हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। छोटी यात्रा का योग बन सकता है। करियर में नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जल्दबाजी से बचें।

कर्क: आज कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। मित्रों से मुलाकात लाभदायक रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। नई जिम्मेदारियां आत्मविश्वास के साथ निभाएं।

सिंह: घर और परिवार से जुड़ी खुशियां मिलेंगी। संपत्ति या घरेलू कार्यों में सफलता मिल सकती है। करियर में नए अवसर सामने आएंगे। निवेश सोच-समझकर करें। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

कन्या: भाग्य का साथ मिलेगा और रुके हुए काम पूरे होंगे। यात्रा, शिक्षा और करियर में सफलता के योग हैं। किसी वरिष्ठ का मार्गदर्शन लाभ देगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। सकारात्मक सोच बनाए रखें।

तुला: आज पुराने दस्तावेज या आर्थिक मामलों में राहत मिल सकती है। करियर में नई संभावनाएं बनेंगी। साझेदारी के काम में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। महत्वपूर्ण फैसले सोच-समझकर लें।

वृश्चिक: परिवार और रिश्तों में मजबूती आएगी। आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में अनुभव का लाभ मिलेगा। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। धैर्य और संयम बनाए रखें।

धनु: आज सेहत और दिनचर्या पर विशेष ध्यान दें। नई अच्छी आदत शुरू करने के लिए समय अनुकूल है। नौकरी और कारोबार में मेहनत का लाभ मिलेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

मकर: प्रेम संबंध और संतान से जुड़ी खुशियां मिल सकती हैं। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। करियर में सम्मान बढ़ेगा। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

कुंभ: घर-परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ मिलेगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। नई योजनाओं पर विचार कर सकते हैं। मानसिक शांति बनी रहेगी।

मीन: भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा और छोटी यात्रा के योग बन रहे हैं। नए संपर्क भविष्य में लाभ देंगे। सामाजिक जीवन सक्रिय रहेगा। करियर में सकारात्मक बदलाव संभव हैं। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र

